# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 2476 / M-1 / 47 दिनांक 21/8/26

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
(निरीक्षा शाखा)
मऊ।

विषय : **दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''जल जीवन मिशनः आधा फीट गहराई में ही डाल दिया गया पाईप'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''जल जीवन मिशनः आधा फीट गहराई में ही डाल दिया गया पाईप'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विकास खण्ड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत गोफा पेयजल परियोजना का कार्य मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा द्वारा फेज–5 के अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा ने अपने पत्र **JJM/MAU8GA01/CE/1360, Date:- 21-08-2026** द्वारा अवगत कराया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गोफा में विगत वर्ष से नियमित पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। योजना में निर्धारित 430 घरेलू जल संयोजनों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 442 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। हाल ही में ग्राम के एक हिस्से से 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजनों की मांग प्राप्त हुई थी, जिसके लिए अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाना आवश्यक था। उक्त स्थान पर एक तरफ नाली, दूसरी तरफ निजी भूमि तथा समीप बीटी रोड होने के कारण पाइपलाइन को निर्धारित गहराई पर बिछाने में व्यावहारिक कठिनाई थी। स्थानीय लोगों द्वारा नाली एवं बीटी रोड को तोड़ने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि उचित गहराई प्राप्त करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक था। चूंकि उक्त परिवारों द्वारा काफी समय से पेयजल कनेक्शन की मांग की जा रही थी, इसलिए उपलब्ध स्थल की परिस्थितियों के अनुसार लगभग 110 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर सभी 05 घरेलू जल संयोजन पूर्ण कर दिए गए हैं। वर्तमान में संबंधित परिवारों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा शिकायतकर्ता भी जलापूर्ति प्रारंभ होने से पूर्णतः संतुष्ट है।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक :** **फर्म का पत्र।**
**पेपर कटिंग।**

भवदीय
(हस्ताक्षर)
**अधिशासी अभियन्ता**
4/8/21

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः–

1– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
5– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
6– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

(हस्ताक्षर)
**अधिशासी अभियन्ता**
4/8/21

CamScanner

GA
INFRA PVT. LTD.
www.gainfra.com

**Letter No:JJM/MAU/GA01/CE/1360** **Date- 21-08-2026**

सेवा में,
अधिशासी अभियंता महोदय,
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

विषय: ग्राम गोफा में अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

सविनय अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गोफा में विगत वर्ष से नियमित पेयजल आपूर्ति संचालित की जा रही है। योजना में निर्धारित 430 घरेलू जल संयोजनों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 442 कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

हाल ही में ग्राम के एक हिस्से से 05 अतिरिक्त घरेलू जल संयोजनों की मांग प्राप्त हुई थी, जिसके लिए अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाना आवश्यक था। उक्त स्थान पर एक तरफ नाली, दूसरी तरफ निजी भूमि तथा समीप बीटी रोड होने के कारण पाइपलाइन को निर्धारित गहराई पर बिछाने में व्यावहारिक कठिनाई थी। स्थानीय लोगों द्वारा नाली एवं बीटी रोड को तोड़ने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि उचित गहराई प्राप्त करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक था।

चूंकि उक्त परिवारों द्वारा काफी समय से पेयजल कनेक्शन की मांग की जा रही थी, इसलिए उपलब्ध स्थल की परिस्थितियों के अनुसार लगभग 110 मीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाकर सभी 05 घरेलू जल संयोजन पूर्ण कर दिए गए हैं।

वर्तमान में संबंधित परिवारों को नियमित रूप से पेयजल प्राप्त हो रहा है तथा शिकायतकर्ता भी जलापूर्ति प्रारंभ होने से पूर्णतः संतुष्ट है।

अतः उपरोक्त स्थिति को आपके संज्ञान एवं अभिलेख हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

GA INFRA-VPL (JV)
Ga Infra VPL

GA Infra Pvt. Ltd. - Plot No. 61, Keshav Nagar, Hawa Sadak, Jaipur-302006, +91 141 4034072, 4022349, Toll Free No. 18001204118
CIN No.: U45400RJ2012PTC045417 | PAN No.: AAECG6222D GSTIN No.: 08AAECG6222D1ZY | Email: info@gainfra.com

CamScanner


01






CamScanner

02


Latitude: 26.176027
Longitude: 83.534077
Elevation: 159.44±36.4 m
Accuracy: 3.96 m
Time: 08-21-2026 11:32
Note: Gonha

# जल जीवन मिशन : आधा फीट गहराई में ही डाल दिया गया पाइप

वाराणसी ब्यूरो
Updated Thu, 20 Aug 2026 11:22 PM IST



अमिला। सरकार भले ही जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन दोहरीघाट ब्लॉक क्षेत्र के गोफा ग्राम पंचायत के हुडहरा में योजना की जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है।

यहां जलापूर्ति के लिए बिछाई जा रही एचडीपीई पाइपलाइन को कथित तौर पर महज आधा फीट गहराई में ही डाल दिया जा रहा है।
ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप डालने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा करीब 100 मीटर पाइपलाइन इतनी कम गहराई में बिछा दी गई है। ग्रामीण राकेश सिंह, सचिन व सूरज सिंह आदि का कहना है कि इतनी कम गहराई में पाइप डालने से भविष्य में इसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहेगी।

वाहनों के आवागमन एवं खेतों में होने वाले कार्य के दौरान पाइप टूटने पर जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है।ग्रामीणों के मुताबिक, निर्धारित मानकों के अनुसार पाइपलाइन को करीब एक मीटर गहराई में तथा 300 मिमी व्यास के मानक के अनुरूप डाला जाना चाहिए। इसके बावजूद मौके पर मानकों की अनदेखी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

CamScanner